दिनांक :
23 फरवरी 2026

# प्रबंधन बोर्ड की उन्नतीसवीं बैठक

## कार्यवाही

स्थान :

कुलपति सभागार कक्ष

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

**दिनांक–23.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे कुलपति सभागार कक्ष, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में संपन्न प्रबंधन बोर्ड की उन्नतीसवीं (29वीं) बैठक की कार्यवाही :–**

व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति :–

| क्र०सं० | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | **डॉ० इन्द्रजीत सिंह,**<br>कुलपति,<br>बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री कुमार रविन्द्र**<br>संयुक्त सचिव,<br>डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग,<br>बिहार सरकार, पटना। | सदस्य<br>(सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग,<br>बिहार सरकार का नामनिर्देशिती) |
| 3. | **श्री शैलेश कुमार,**<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग,<br>बिहार सरकार, पटना। | सदस्य<br>(अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, बिहार सरकार का नामनिर्देशिती) |
| 4. | **श्री राकेश रंजन,**<br>संयुक्त निदेशक (शष्य)<br>पटना प्रमंडल, कृषि विभाग,<br>बिहार सरकार, पटना। | सदस्य<br>(प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार सरकार का नामनिर्देशिती) |
| 5. | **श्री रामदयाल सिंह,**<br>प्रगतिशील किसान, ग्राम+पोस्ट– धमार, थाना–मुफस्सिल, जिला–भोजपुर। | सदस्य |
| 6. | **श्री के०पी०एस० केशरी,**<br>विशिष्ट कृषि उद्योगपति, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक,<br>मेसर्स आम्रपाली फुड्स लि०, पटना। | सदस्य |
| 7. | **डॉ० अनूप दास,**<br>निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना। | सदस्य |
| 8. | **डॉ० नरेश कुमार सिंह,**<br>निदेशक अनुसंधान, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना। | सदस्य |
| 9. | **डॉ० उमेश सिंह,**<br>अधिष्ठाता,<br>संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना। | सदस्य |
| 10. | **कर्नल कामेश कुमार**<br>कुलसचिव,<br>बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना। | गैर सदस्य सचिव |



Registrar
Bihar Animal Sciences University, Patna

विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (Zoom Meeting) के माध्यम से उपस्थिति :

| क्र०सं० | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | **डॉ० एन० एच० केलावाला**<br>Principal, College of Veterinary Science and Animal Husbandry, Rajpur (Nava), Himmatnagar (Dist. Sabarkantha), Gujarat- 383010. | सदस्य |
| 2. | **डॉ० अनिल कुमार,**<br>सहायक महानिदेशक (Coordination),<br>भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली। | सदस्य |

विश्वविद्यालय के कुलसचिव–सह–प्रबंधन बोर्ड के गैर सदस्य सचिव द्वारा माननीय अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के माननीय अध्यक्ष–सह–कुलपति द्वारा बोर्ड की बैठक में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया गया। तदोपरांत परिचालित कार्यावली एवं अन्य मामलों पर सम्यक विचारोपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय/प्रस्ताव पारित किये गये।

कार्यावली संख्या–29.1 **विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापित विज्ञापन सं०–05/2025 दिनांक–06.10.2025 के अधीन उप नियंत्रक, उप कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना, अधिष्ठाता, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना एवं नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के पद पर चयन हेतु दिनांक–27.01.2026, 31.01 .2026, 11.02.2026 एवं 16.02.2026 को सम्पन्न साक्षात्कार के फलस्वरूप चयन समिति द्वारा अनुशंसित उम्मीदवार की नियुक्ति के निमित अनुमोदन के संबंध में।**

विवरण :– विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापित विज्ञापन सं०–05/2025 दिनांक–06.10.2025 के अधीन उप नियंत्रक, उप कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना, अधिष्ठाता, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना एवं नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के पद पर चयन हेतु दिनांक क्रमशः 27.01.2026, 31.01.2026, 11.02.2026 एवं 16.02.2026 को साक्षात्कार आयोजित कर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है एवं चयन समिति द्वारा समर्पित अनुशंसित सूची बन्द लिफाफा में प्रबंधन बोर्ड के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

पदवार विवरण निम्नवत है :–

| पद | संक्षिप्त ब्यौरा तथा अनुमोदन हेतु प्रस्ताव |
|---|---|
| उप नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना<br><br>पद की संख्या– 01 | उप नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के पद पर चयन हेतु कुल 08 आवेदन प्राप्त हुए एवं स्क्रीनिंग कमिटी द्वारा 06 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए योग्य पाए गये।<br>इस पद के लिए दिनांक–27.01.2026 को साक्षात्कार आयोजित किये गये एवं साक्षात्कार में कुल 04 उम्मीदवार उपस्थित हुए। चयन समिति की अनुशंसा प्रबंधन बोर्ड की बैठक के लिए सुरक्षित रख ली गयी है।<br>इस पद के लिये योग्य अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों का अनुशंसित नाम **बंद लिफाफा सं०–01** में रखा गया है। |
| उप कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना<br>पद की संख्या–02<br>(Reservation | उप कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के दो पद (एक पद गैर–आरक्षित वर्ग– (प्राप्त आवेदन–22) एवं एक पद अत्यन्त पिछडा वर्ग– (प्राप्त आवेदन–04) ) पर कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए एवं स्क्रीनिंग कमिटी द्वारा 18 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए योग्य पाए गये। |



Registrar
Bihar Animal Sciences University, Patna

| | |
|---|---|
| Category- UR - 01 & EBC – 01) | इस पद के लिए दिनांक–31.01.2026 को साक्षात्कार आयोजित किये गये एवं साक्षात्कार में गैर–आरक्षित वर्ग में 12 उम्मीदवार एवं अत्यन्त पिछडा वर्ग में 03 उम्मीदवार उपस्थित हुए। चयन समिति की अनुशंसा प्रबंधन बोर्ड की बैठक के लिए सुरक्षित रख ली गयी है।<br>इस पद के लिये योग्य अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों का अनुशंसित नाम **बंद लिफाफा सं०–02** में रखा गया है। |
| अधिष्ठाता, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना<br>पद की संख्या– 01 | अधिष्ठाता, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना के पद पर कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए एवं स्क्रीनिंग कमिटी द्वारा 22 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए योग्य पाए गये।<br>इस पद के लिए दिनांक–11.02.2026 को साक्षात्कार आयोजित किये गये एवं साक्षात्कार में कुल 16 उम्मीदवार उपस्थित हुए। चयन समिति की अनुशंसा प्रबंधन बोर्ड की बैठक के लिए सुरक्षित रख ली गयी है।<br>इस पद के लिये योग्य अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों का अनुशंसित नाम **बंद लिफाफा सं०–03** में रखा गया है। |
| नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना पद की संख्या– 01 | नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के पद पर कुल 05 आवेदन प्राप्त हुए एवं स्क्रीनिंग कमिटी द्वारा 02 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए योग्य पाए गये।<br>इस पद के लिए दिनांक–16.02.2026 को साक्षात्कार आयोजित किये गये एवं साक्षात्कार में कुल 02 उम्मीदवार उपस्थित हुए। चयन समिति की अनुशंसा प्रबंधन बोर्ड की बैठक के लिए सुरक्षित रख ली गयी है।<br>इस पद के लिये योग्य अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों का अनुशंसित नाम **बंद लिफाफा सं०–04** में रखा गया है। |

निर्णय

1. **उप नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना**

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अधीन उप नियंत्रक पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापित विज्ञापन सं० 05/2025 दिनांक–06.10.2025 अंतर्गत दिनांक–27.01.2026 को सम्पन्न साक्षात्कार के उपरांत चयन समिति द्वारा अनुशंसित पैनल को अनुमोदित करते हुए, पैनल के **क्र०सं०–01** पर अंकित एवं अनशंसित उम्मिदवार **Shri Rakesh Kumar Tanti, S/o- Shri Pawan Tanti, Assistant Comptroller, Bihar Agricultural University, Sabour, Bhagalpur, Bihar** को उप नियंत्रक के पद पर विश्वविद्यालय के अधिनियम/परिनियम के अधीन यथाविहित शर्तों एवं वेतन के अनुरूप नियुक्ति हेतु अनुमोदित किया गया।

2. **उप कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना**

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अधीन उप कुलसचिव पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापित विज्ञापन सं० 05/2025 दिनांक–06.10.2025 अंतर्गत दिनांक–31.01.2026 को सम्पन्न साक्षात्कार के उपरांत चयन समिति द्वारा अनारक्षित एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए अनुशंसित दो पृथक पैनल को अनुमोदित करते हुए, अनारक्षित वर्ग के पैनल के **क्र०सं० –14** पर अंकित एवं अनुशंसित उम्मिदवार **Shri Ashok Kumar, S/o- Shri Parmeshwar Prasad, Assistant Commissioner (Administration), Navodya Vidyalaya Samiti, Ministry of Education, Govt. of India, Bhopal, Madhya Pradesh** को अनारक्षित वर्ग के विरूद्ध उप कुलसचिव के पद पर विश्वविद्यालय के अधिनियम/परिनियम के अधीन यथाविहित शर्तों एवं वेतन के अनुरूप नियुक्ति हेतु अनुमोदित किया गया तथा अत्यंत पिछड़ा वर्ग के पैनल के **क्र०सं०–01** पर अंकित एवं अनुशंसित उम्मिदवार **Shri Manoranjan Prasad, S/o- Ramsharan Prasad, Assistant Registrar, Grade-II, (Examination), Bihar Animal**



Registrar
Bihar Animal Sciences University, Patna

**Sciences University, Patna** को अत्यंत पिछड़ा वर्ग के विरूद्ध उप कुलसचिव के पद पर विश्वविद्यालय के अधिनियम/परिनियम के अधीन यथाविहित शर्तों एवं वेतन के अनुरूप नियुक्ति हेतु अनुमोदित किया गया, साथ हीं अनारक्षित वर्ग के पैनल को भविष्य के लिए सुरक्षित रखा गया।

3. **अधिष्ठाता, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना**

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अधीन अधिष्ठाता, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापित विज्ञापन सं० 05/2025 दिनांक–06.10.2025 अंतर्गत दिनांक–11.02.2026 को सम्पन्न साक्षात्कार के उपरांत चयन समिति द्वारा अनुशंसित पैनल को अनुमोदित करते हुए, पैनल के **क्र०सं०–16** पर अंकित एवं अनुशंसित उम्मिदवार **Dr. Pallav Shekhar, S/o- Late Baleshwar Sharma, Professor, Veterinary Medicine and Head, Veterinary Clincal Complex, Bihar Veterinary College, Patna-14, Bihar** को अधिष्ठाता, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना के पद पर विश्वविद्यालय के अधिनियम/परिनियम के अधीन यथाविहित शर्तों एवं वेतन के अनुरूप नियुक्ति हेतु अनुमोदित किया गया तथा पैनल को भविष्य के लिए सुरक्षित रखा गया।

4. **नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना**

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अधीन नियंत्रक पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापित विज्ञापन सं० 05/2025 दिनांक–06.10.2025 अंतर्गत दिनांक–16.02.2026 को सम्पन्न साक्षात्कार के उपरांत चयन समिति द्वारा अनुशंसित पैनल को अनुमोदित करते हुए, पैनल के **क्र०सं०–01** पर अंकित एवं अनुशंसित उम्मिदवार **Shri Sanjay Kumar Pathak, S/o Shri Rameshwar Pathak, Retd. Joint Secretary (Finance), Indian Council of Agricultural Research, New Delhi** को नियंत्रक के पद पर विश्वविद्यालय के अधिनियम/परिनियम के अधीन यथाविहित शर्तों एवं वेतन के अनुरूप नियुक्ति हेतु अनुमोदित किया गया।

कार्यावली संख्या–29.2 **अध्यक्ष की अनुमति से अन्यान्य मामले**

कार्या० सं०–29.2 (i) **कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के पद पर की गई तदर्थ नियोजन की सूचना के संबंध में।**

विवरण :– निलंबित कुलसचिव डॉ० संजीव कुमार के विरूद्ध संस्थित विभागीय कारवाई के फलस्वरूप पदमुक्त किये जाने तथा प्रभारी कुलसचिव डॉ० जय किशन प्रसाद की सावधिक सेवा पूरी होने के उपरांत पैतृक संस्थान में योगदान करने हेतु विरमित किये जाने के फलस्वरूप विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों के सुचारू रूप से संचालन हेतु तदर्थ व्ययवस्था के क्रम में कार्यालय आदेश–बि०प०वि०वि०/कु०स०/नि०/सं०सं०–411/549 दिनांक–13.02.2026 द्वारा गठित समिति द्वारा प्रदत्त अनुशंसा एवं विश्वविद्यालय कार्यहित में विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 26 में निहित प्रावधानों के अधीन माननीय कुलपति महोदय द्वारा कर्नल कामेश कुमार, पूर्व कुलसचिव, मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना/पटना विश्वविद्यालय, पटना तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना का नियोजन कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के पद पर कार्यालय आदेश सं०–बि०प०वि०वि०/कु०स०/नि०/सं०सं०–411/556 दिनांक–17.02.2026 द्वारा किया गया है। अधिनियम की धारा–26 में विहित प्रावधान के अनुपालन में प्रबंधन बोर्ड के सूचनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय नोट किया गया।

कार्या० सं०–29.2 (ii) **ई० बिनोद कुमार झा, संविदाकर्मी निदेशक कार्य एवं संयंत्र, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरान्त सेवा विस्तार करने के संबंध में।**

विवरण :– ई० बिनोद कुमार झा, संविदाकर्मी निदेशक कार्य एवं संयंत्र, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना की सेवा अवधि दिनांक–16.02.2026 को उनके 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने के कारण



Registrar
Bihar Animal Sciences University, Patna

समाप्त हो गयी है। ई० झा द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के संकल्प संख्या–3/एम०–63/2013–3978 दिनांक–23.03.2018 के बिन्दु 5 के आलोक में 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरान्त सेवा विस्तार करने के संबंध में निवेदन किया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के संकल्प संख्या–3/एम०–63/2013–3978 दिनांक–23.03.2018 के आलोक में उक्त प्रयोजन हेतु परस्पर वार्तालाप के लिये आदेश संख्या–बि०प०वि०वि० /कु०स०/नि०/सं०सं०–309/557 सहपठित ज्ञापांक–2133 दिनांक–17.02. 2026 से गठित समिति द्वारा अनुशंसा दी गयी है कि विश्वविद्यालय में ई० बिनोद कुमार झा का सेवा इतिहास बेहद संतोषजनक है। ई० झा के पूर्व सेवा में कोई आपत्ति जनक प्रविष्टि नहीं है। उनकी तकनिकी योग्यता, प्रशासनिक क्षमता, विशेषकर योजनाओं के क्रियान्वयन, निरीक्षण एवं अनुरक्षण का अनुभव विश्वविद्यालय के लिये असाधारण साबित हुआ है। समिति के विचार से विश्वविद्यालय में ई० झा, निदेशक कार्य एवं संयंत्र के रूप से संपादित करने में अत्यन्त लाभकारी सिद्ध हो सकता है।

निदेशक कार्य एवं संयंत्र के कार्यभार में ई० झा के अधीन विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित भवनों, सड़कों के मरम्मत, रख–रखाव का कार्य, खेल मैदान, उद्यान, लॉन इत्यादि के डिजाईन, आकलन योजना, निर्माण एवं परिवर्तन का कार्य भी सम्मलित है। उनके सेवा विस्तार से माननीय मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना, भवनों के निर्माण कार्यों की प्रक्रिया में विश्वविद्यालय प्रतिनिधित्व एवं निरीक्षण का कार्य जारी रह सकता है। संपदा पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में वाहन शाखा, भवनों में बिजली, पानी की आपूर्त्ति एवं रख–रखाव संबंधित कार्य ई० झा के जिम्मे ही हैं। विश्वविद्यालय की भूमि, भवनों, फार्म एवं अन्य घटकों के रिकार्ड/सूचना रखने के कर्तव्य शामिल है। आई०सी०ए०आर० फंड का टेंडर आदि भी अभी किया जा रहा है जो मार्च 2026 तक पूर्ण करना है।

अतः समिति के अनुशंसा के अनुसार ई० बिनोद कुमार झा के अनुभव, नेतृत्व छमता उत्कृष्ट सेवा इतिहास के आलोक में विश्वविद्यालय पत्रांक बि०प०वि०वि० /कु०स०/नि०/सं०सं०– 309 /2142 दि0 18.02.2026 द्वारा प्रशासी विभाग को अनुरोध पत्र प्रेषित है कि ई० बिनोद कुमार झा, संविदाकर्मी निदेशक कार्य एवं संयंत्र, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरान्त, एक वर्ष सेवा अवधि विस्तार पर आदेश संख्या– बि०प०वि०वि० /कु०स०/नि०/सं०सं०– 309 /557 सहपठित ज्ञापांक–2133 दिनांक–17.02.2026 के आलोक में विचार कर सहमति प्रदान करने की कृपा करें, ताकि विश्वविद्यालय के निदेशक कार्य एवं संयंत्र के कार्य क्षेत्र संपादन में अवरोध उत्पन्न न हो।

उपरोक्त तथ्यों की सूचना प्रबंधन बोर्ड के समक्ष अवलोकनार्थ एवं यथापेक्षित निदेश प्रदान करने हेतु प्रस्ताव समर्पित है।

**निर्णय**

विषयांकित मामले में विमर्शोपरांत सम्यक विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि ई० बिनोद कुमार झा, निदेशक कार्य एवं संयंत्र, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना की संविदात्मक सेवा अवधि विस्तार हेतु प्रशासी विभाग को प्रेषित अनुरोध पत्र के आलोक में प्रशासी विभाग द्वारा सहमति/असहमति प्राप्त होने के उपरांत यथास्थिति एतद्संबंध में अग्रेत्तर कारवाई की जा सकेगी एवं प्रबंधन बोर्ड की अगली बैठक में मामले को प्रस्तुत की जा सकेगी।

Registrar
... Animal Sciences University, Patna

बैठक के अंत में कुलसचिव–सह–गैर सदस्य सचिव, विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों एवं प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापन किया। तदोपरांत बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

| | |
|---|---|
| ह०/– | ह०/– |
| **कुलसचिव–सह–गैर सदस्य सचिव,** | **कुलपति–सह–अध्यक्ष,** |
| **बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,** | **बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,** |
| **पटना–14** | **पटना–14** |

**ज्ञापांक 2164/कु०स०/बि०प०वि०वि०, पटना** **दिनांक 23/02/2026**

**प्रतिलिपिः–**

1. विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष एवं सभी माननीय सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।
2. सहायक कुलसचिव (नियुक्ति), बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को कार्यावाली संख्या–29.1 एवं 29.2 अंतर्गत प्रबंधन बोर्ड द्वारा ली गई निर्णय के आलोक में अग्रेत्तर कारवाई सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित।
3. सर्व–नियंत्री पदाधिकारी, आई०सी०टी०, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23/02/26

**कुलसचिव–सह–गैर सदस्य सचिव,**
**बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,**
**पटना–14**

**प्रतिलिपिः–** कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।